## प्रादेशिक समाचार

### दिनांक–10.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- नाला विधायक रवींद्रनाथ महतो सर्वसम्मति से दूसरी बार चुने गए झारखंड विधानसभा अध्यक्ष, पक्ष और विपक्ष ने सदन में संतुलन बरकरार रखने का किया अनुरोध।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा सत्र को किया सम्बोधित, कहा–राज्य के सर्वांगीण विकास में सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भूमिका अहम।
- हजारीबाग में सीजीएल परीक्षा के परिणाम के विरोध में छात्रों ने बंद का किया ऐलान, फोरलेन किया जाम, भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने परिणाम की सीबीआई जाँच की मांग की।
- राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में अंडर 17 बालिका वर्ग राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की टीम हरियाणा को हरा कर बनी चैंपियन।
- मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों में कोहरे का जारी किया अलर्ट, कोहरे की वजह से हुए कई हादसे।

***************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और नाला विधायक रवींद्रनाथ महतो आज सर्वसम्मति से दूसरी बार झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए। सदन में संतुलन बरकरार रखने के लिए पक्ष और विपक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने श्री महतो की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने सहनशीलता के साथ सदन चलाया और पक्ष–विपक्ष के बीच संतुलन बनाया।

इधर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा अध्यक्ष से अपील करते हुए कहा कि विपक्षी सदस्यों को थोड़ा अधिक अवसर दें, साथ ही नवनिर्वाचित सदस्यों को भी सदन में अवसर दें।

***************

अपने संबोधन में सदन के सदस्यों को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जिन सपनों को लेकर झारखंड आंदोलन की लंबी लड़ाई चली और झारखंड निर्माण हुआ उसे पूरा करने के लिए पक्ष और विपक्ष का सहयोग जरूरी है।

उल्लेखनीय है कि झारखण्ड विधानसभा के विशेष सत्र की कार्यवाही कल 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गई है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार कल विधानसभा को संबोधित करेंगे और उसके बाद सदन में चालू वित्त वर्ष का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा।

***************

झारखंड विधानसभा के छठे सत्र के दूसरे दिन रवींद्रनाथ महतो के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास में सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भूमिका अहम है। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि इस चुनाव के दौरान राज्य की जनता ने जो निर्णय सुनाया है, उस निर्णय का सम्मान करें।

***************

हजारीबाग में सीजीएल परीक्षा के परिणाम में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए इसके विरोध में छात्रों ने बंद का ऐलान किया, साथ ही फोरलेन को जाम कर दिया। इस पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया और छात्रों ने उनपर पथराव किया। इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीजीएल परीक्षा के जारी परिणाम में कई विसंगतियां पाई गई हैं।

इधर जेएलकेएम विधायक जयराम महतो ने सदन में सीएजल का मुद्दा उठाते हुए कहा कि राज्य के लाखों अभ्यर्थी सड़क पर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया कि वे उन अभ्यर्थियों से मिलें और उनसे मिलकर समस्या का समाधान करें।

***************

देशभर में आज विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया जा रहा है। मानवाधिकार दिवस का इस वर्ष का विषय है– हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत आज देशवसियों को नागरिक और राजनीतिक अधिकार सुश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इधर गुमला जिला में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जेंडर आधारित हिंसा पर आयोजित कार्यशाला में महिला और बच्चों के खिलाफ हिंसा रोकने, बच्चों को मोबाइल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग पर जागरूक किया गया।

खूंटी ज़िले में भी इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आदिम जाति सेवा मंडल विद्यालय डूमरदगा में डालसा सचिव श्रीमती राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि लोगों को भेदभाव से बचाने और उनके जीवन को सम्मानजनक और बेहतर बनाने के लिए इसकी शुरुआत की गई।

***************

68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता के अंडर 17 बालिका वर्ग राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की टीम हरियाणा को 1–0 से पराजित करके चैंपियन बन गई है। झारखंड की ओर से अनुष्का कुमारी ने एक गोल किया।

***************

गढ़वा जिले में 15 दिसंबर से धान की खरीदारी शुरू हो जायेगी। सरकार इस वर्ष 24 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद रही है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

***************

राज्य में कोहरे के कारण विभिन्न जगहों पर दुर्घटनाएं हुई हैं।

देवघर जिले के पालोजोरी–जामताड़ा मुख्य सड़क पर एक तेज रफ्तार बाइक ने सड़क पार कर रही 3 महिलाओं को टक्कर मार दी। 2 महिलाओं और बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

उधर हजारीबाग के चरही थाना क्षेत्र अंतर्गत हत्यारी मोड़ के निकट सड़क दुर्घटना में लगभग 17 से 18 लोग घायल हो गए। सुबह घना कोहरा होने की वजह से गाड़ी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

और....राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुटूपालू घाटी में सरिया लदा एक ट्रेलर खाई में जा गिरा। इस हादसे में ट्रेलर के ड्राइवर और खलासी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

***************

मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों में सुबह में कोहरा छाये रहने का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयेगी।

*******समाप्त*******